दिनांक 02.02.2019 **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वच्छ भारत अभियान

निगम क्षेत्र में 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से जलप्रदाय बाधित रहेगा

भिलाईनगर/ निगम के जलकार्य विभाग द्वारा 77 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र से निकलने वाले स्वच्छ वाहिनी पाईप लाईन 1000 एम.एल. डाया का लिकेज संधारण कार्य 05 फरवरी 2019 को सुबह प्रारम्भ किया जाना है। जिसके फलस्वरुप 77 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र से 05 फरवरी को शाम से तीन दिनों तक पेयजल प्रदाय कार्य पूर्णतः प्रभावित रहेगा।

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने वैकल्पिक व्यवस्था हेतु जोन स्तर पर (टैंकर , पंप हाउस आदि से) पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करने एवं इसी अवधि में जोन स्तर पर वितरण पाईप लाईन का लंबित संधारण कार्य भी करवाने की व्यवस्था करने सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किया है। पानी सप्लाई बाधित होने वाले दिनों में जिन जोन क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन की सुविधा है इसके अनुसार पानी टैंकर के माध्यम से एवं बोरिंग द्वारा पानी व्यवस्था उन जोन क्षेत्रों के माध्यम से की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी